**जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित "जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन गौतमबुद्धनगर की दिनांक 16.06.2022 एवं 17.06.2022 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर –2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है। पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 पर निर्णय हेतु **"जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन"** गौतमबुद्धनगर की बैठक दिनांक 16.06.2022 कलक्ट्रेट सभागार में एवं दिनांक 17.06.2022 को Zoom Meeting के माध्यम से आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
4. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
5. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता सिचांई विभाग, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
8. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
9. जिला कृषि अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
10. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–सदस्य।
11. अधिशासी अभियंत प्रथम निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम गौतमबुद्धनगर–सदस्य सचिव।
12. उप जिलाधिकारी, दादरी, गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
13. उप जिलाधिकारी, सदर, गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
14. तहसीलदार सदर गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
15. तहसीलदार दादरी गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
16. खण्ड विकास अधिकारी बिसरख, गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
17. खण्ड विकास अधिकारी जेवर, गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
18. खण्ड विकास अधिकारी दादरी, गौतमबुद्धनगर–आमंत्रित सदस्य।
19. श्री दिव्येश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, (प्रतिनिधि) मै0 एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद।

अधिशासी अभियंता एंव सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2394/W-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया था। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गौतमबुद्धनगर में 12 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई । समस्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशत सेन्टेज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 17.05.2022 को सम्पन्न राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की तेरहवीं बैठक के प्रेषित कार्यवृत्त के पृष्ठ 50 के बिन्दु सं0 4(3) के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रू 6400.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0

...ा संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

| सं0 | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0 लाख) | सैन्टेज (रू0 लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बडपुरा (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 730 | 7364 | 304.89 | 34.03 | 338.92 | 4140 |
| 2 | नुरपुर (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 647 | 7635 | 373.14 | 39.53 | 412.67 | 4887 |
| 3 | गुलावठी खुर्द (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 309 | 3785 | 201.20 | 22.46 | 223.66 | 5316 |
| 4 | साल्हेपुर | जेवर | 1 | 337 | 3207 | 191.90 | 20.33 | 212.23 | 5984 |
| 5 | रसूलपुर डासना (पुर्नगठन) | बिसरख | 1 | 380 | 3431 | 212.19 | 23.68 | 235.87 | 6184 |
| 6 | कुडी खेडा | बिसरख | 1 | 419 | 4412 | 275.59 | 29.19 | 304.78 | 6246 |
| 7 | फूलपुर | दादरी | 1 | 263 | 3025 | 192.97 | 20.44 | 213.41 | 6379 |
| 8 | मकनपुर खादर | जेवर | 1 | 317 | 3416 | 217.75 | 23.07 | 240.82 | 6374 |
| 9 | महावड (पुर्नगठन) | बिसरख | 1 | 516 | 5581 | 408.03 | 43.22 | 451.25 | 7311 |
| 10 | इस्लामाबाद कल्दा | बिसरख | 1 | 224 | 2557 | 190.59 | 20.19 | 210.78 | 7454 |
| 11 | सरकपुर | जेवर | 1 | 163 | 1931 | 165.30 | 17.51 | 182.81 | 8560 |
| 12 | नगला चिती | जेवर | 1 | 127 | 1163 | 140.20 | 14.85 | 155.05 | 12055 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि समस्त 12 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से सम होने के कारण शासनादेश संख्या 51/2021/1853/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019 दिनांक 06.08.2021 (संलग्नक–छ) के बिन्दु संख्या 12 के अनुसार उपरोक्त समस्त 12 नग योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम, मेरठ द्वारा प्रदान की गई है। मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत योजनाओ में से कुल 08 नग योजनाओ की **Per Capita Cost** की दर रू0 6400.00 से कम है तथा 04 नग योजनाओ की **Per Capita Cost** की दर रू0 6400.00 से अधिक होने के कारण उक्त 04 नग डी0पी0आर0 मानक के अनुरूप नहीं है।

दिनांक 16.06.2022 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का औचित्य एवं आवश्यकता की जॉच सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी से कराने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त के कम में समस्त योजनाओं की उपयोगिता, क्रियान्वय की सुगमता की जॉच हेतु जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के पत्रांक–284/जल जीवन मिशन/2022–23 दिनांक 16.06.2022 (संलग्नक–च) द्वारा उपजिलाधिकारी सदर, दादरी, एवं जेवरगौतमबुद्धनगर तथा खण्ड विकास अधिकारी दादरी, जेवर एवं बिसरख गौतमबुद्धनगर को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देशों के कम में उपजिलाधिकारी सदर गौतमबुद्धनगर द्वारा पंत्राक–235 दिनांक 17.06.2022 (संलग्नक–छ) एवं उपजिलाधिकारी दादरी द्वारा पंत्राक–3477 दिनांक 17.06.2022 (संलग्नक–ज) द्वारा आख्या प्रेषित की गई है, परन्तु उपजिलाधिकारी जेवर द्वारा आख्या उपलब्ध नही कराई गई।

बैठक में उप जिलाधिकारी, सदर तथा खण्ड विकास अधिकारी, जेवर द्वारा उनके क्षेत्र से सम्बन्धित कुल 03 नग योजनाओ का निर्माण औचित्य पूर्ण एवं उपयोगी बताया गया। उपजिलाधिकारी दादरी तथा खण्ड विकास अधिकारी बिसरख एवं खण्ड विकास अधिकारी दादरी द्वारा भी उनके क्षेत्र से सम्बन्धित योजनाओ का निर्माण औचित्य पूर्ण एवं उपयोगी बताया गया। परन्तु उपजिलाधिकारी दादरी द्वारा बैठक में बताया गया कि कमांक 1 पर अंकित बडपुरा पेयजल योजना (पुर्गठन) हेतु चिन्हित की गई भूमि खलियान में दर्ज है जिसके संबध में जॉच कर भूमि उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही करते हुए शीघ्र अवगत करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि बडपुरा पेयजल योजना हेतु चिन्हित भूमि का निस्तारण होने के उपरान्त ही योजना की स्वीकृति हेतु कार्यवाही की जाये। इसके अतिरिक्त जिन 04 नग योजनाओं की **Per Capita Cost** की दर रू0 6400.00 से अधिक है उक्त समस्त योजनाओं की स्वीकृति के संबध में अलग से शासन को पत्र प्रेषित कर मार्गदर्शन प्राप्त कर लिया जाये।

मुख्य अभियंता, (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा तकनीकी रूप से स्वीकृत रू0 5.00 करोड से कम लागत तथा रू0 6400.00 **Per Capita Cost** की दर से कम की निम्नलिखित 07 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–36/2021/1599/छिहत्तर–1–2021–25 /2019 दिनांक 08.07.2021 के बिन्दु सं0–2 के अनुसार जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, गौतमबुद्धनगर द्वारा

सर्वसम्मति से प्रदान की गई।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0 लाख) | सैंन्टेज (रू0 लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नुरपुर (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 647 | 7635 | 373.14 | 39.53 | 412.67 | 4887 |
| 2 | गुलावठी खुर्द (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 309 | 3785 | 201.20 | 22.46 | 223.66 | 5316 |
| 3 | साल्हेपुर | जेवर | 1 | 337 | 3207 | 191.90 | 20.33 | 212.23 | 5984 |
| 4 | रसूलपुर डासना (पुर्नगठन) | बिसरख | 1 | 380 | 3431 | 212.19 | 23.68 | 235.87 | 6184 |
| 5 | कुडी खेडा | बिसरख | 1 | 419 | 4412 | 275.59 | 29.19 | 304.78 | 6246 |
| 6 | फूलपुर | दादरी | 1 | 263 | 3025 | 192.97 | 20.44 | 213.41 | 6379 |
| 7 | मकनपुर खादर | जेवर | 1 | 317 | 3416 | 217.75 | 23.07 | 240.82 | 6374 |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन गौतमबुद्धनगर द्वारा तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशाकीय रूप से स्वीकृत उपरोक्त 07 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने हेतु अधिशासी अभियंता, सदस्य सचिव को निर्देशित किया गया।

अतः में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(भारत भूषण)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन
गौतमबुद्धनगर।

पत्रांकः— 184 / db1m-74 / 184 दिनांकः— 28/06/2022

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजि सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को प्रबन्ध निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निजि सचिव, अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ को अधिशासी निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी महोदय, को अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर को अवलोकनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य अभियन्ता, (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता, (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
8. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
9. प्रभागीय वनाधिकारी गौतमबुद्धनगर।
10. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), गौतमबुद्धनगर।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
12. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
13. अधिशासी अभियंता सिचांई विभाग, गौतमबुद्धनगर।
14. अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर, गौतमबुद्धनगर।
15. जिला कृषि अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
16. जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
17. अधिशासी अभियंता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर।
18. उप जिलाधिकारी दादरी, गौतमबुद्धनगर।
19. उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर।
20. तहसीलदार सदर गौतमबुद्धनगर।
21. तहसीलदार दादरी गौतमबुद्धनगर।
22. खण्ड विकास अधिकारी बिसरख, गौतमबुद्धनगर।
23. खण्ड विकास अधिकारी जेवर, गौतमबुद्धनगर।
24. खण्ड विकास अधिकारी दादरी, गौतमबुद्धनगर।
25. श्री दिव्येश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, (प्रतिनिधि) मै0 एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद।

28/6/2022

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन
गौतमबुद्धनगर।